दिनांक : 27 .11.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का शुभारंभ करेंगे।
- राज्यपाल ने इंदौर में कृषि महाविद्यालय के नवाचारों की सराहना की।
- मुख्यमंत्री आज श्योपुर और मुरैना जिले में कई विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।
- प्रदेश में एसआईआर का कार्य जारी, बीएलओ हो रहे सम्मानित।

प्रधानमंत्री स्काईरूट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन करेंगे। वे स्काईरूट के पहले ऑर्बिटल रॉकेट - विक्रम-आई का भी अनावरण करेंगे। इस रॉकेट से उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित भी किया जा सकता है। स्काईरूट भारत की अग्रणी निजी अंतरिक्ष कंपनी है। नवंबर 2022 में, स्काईरूट ने अपने सब-ऑर्बिटल रॉकेट- विक्रम-एस का प्रक्षेपण किया था, जिससे वह अंतरिक्ष में रॉकेट प्रक्षेपित करने वाली  भारत की पहली निजी कंपनी बन गई। निजी अंतरिक्ष उद्यमों का तेज़ी से उदय पिछले कुछ वर्षों में सरकार के किए गए परिवर्तनकारी सुधारों की सफलता का प्रमाण है।

कन्या छात्रावास-राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल इंदौर के कृषि महाविद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कृषि महाविद्यालय के नवाचारों की सराहना की। राज्यपाल ने कृषि महाविद्यालय परिसर में जननायक टंट्या भील बालक छात्रावास, एरोपोनिक्स यूनिट, महाविद्यालय के मुख्य द्वार, ऑडिटोरियम व कन्या छात्रावास के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। नवीन कन्या छात्रावास का शिलान्यास किया। उन्होंने कृषि महाविद्यालयों में छात्र- छात्राओं की संख्या में लगातार वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

फसल क्षति राशि-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज श्योपुर जिले के बड़ौदा में आयोजित कार्यक्रम में श्योपुर सहित 6 जिलो के किसानों को फसल क्षति की राहत राशि का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 3 लाख 5 हजार 410 प्रभावित किसानों के बैंक खातों में 238 करोड़ 78 लाख रूपये की राशि अंतरित करेंगे। श्योपुर, हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम, धार, खण्डवा जिलों की 23 तहसीलों के 2 हजार 148 ग्रामों के किसानों को अतिवृष्टि, बाढ और पीला मौजेक कीट व्याधि से हुई फसल क्षति की राहत राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसी दिन मुरैना जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में 162 करोड़ 55 लाख रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे।

कार्यशाला-देवड़ा

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि गांव की समृद्धि ही मध्यप्रदेश की समृद्धि है। मध्यप्रदेश में विकास की गति को तेज बढ़ाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को मिलकर अपने गांव को समृद्ध बनाना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों को सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। श्री देवड़ा कल कुशाभाऊ ठाकरे सभाग्रह में ‘‘आत्मनिर्भर पंचायत - समृद्ध मध्यप्रदेश‘‘ पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि अब गांव में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा।

यूनिटी मार्च-धार

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती वर्ष के अंतर्गत नागपुर (महाराष्ट्र) से प्रारंभ होकर मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से गुजरती हुई गुजरात स्थित स्टैचू ऑफ यूनिटी तक पहुंचने वाली यूनिटी मार्च नर्मदा प्रवाह यात्रा कल धार पहुंची। इस यात्रा में शामिल प्रतिभागियों का स्वागत केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया।

श्रम कानून प्रतिक्रिया

देश मे लंबे समय से प्रतीक्षित श्रम संहिता के तहत केंद्र सरकार ने 4 नए लेबर कोड लागू किए हैं, जिनका समाज के हर वर्ग ने स्वागत किया है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक भंडारी ने श्रम कानूनों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वैश्विक औद्योगिक प्रतिस्पर्धा के दौर में इन श्रम कानूनों की बड़ी भूमिका है। ..

एसआईआर प्रदेश

प्रदेश भर में एसआईआर का कार्य जारी है। कल भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक शुभ्रा सक्सेना एवं सचिव बिनोद कुमार ने 19 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन, 16 नगर पालिक निगम के कमिश्नर के साथ वर्चुअल बैठक कर दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा सहित निर्वाचन सदन के अधिकारी उपस्थित रहे। कई जिलों से बीएलओ द्वारा शत प्रतिशत कार्य करने पर उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। झाबुआ जिले के बीएलओ रुमाल मेड़ा ने दिव्यांगता को चुनौती देते हुए 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है।

वहीं शाजापुर कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी ऋजु बाफना ने बताया कि जिले में में 90.72 प्रतिशत एसआईआर कार्य पूर्ण हो गया हैं। डिंडोरी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ और चुनावी प्रबंधन टीम का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। भोपाल में एसआईआर के काम में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ कमल सिंह परिहार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने निलंबित कर दिया।

वायु गुणवत्ता-प्रदेश

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के प्रमुख 7 नगरों में उच्च वायु गुणवत्ता स्तर बनाए रखने के लिए मौजूद समय के साथ ही दीर्घकालीन कार्ययोजना 30 नवम्बर तक प्रस्तुत करने के निर्देश पर्यावरण संरक्षण और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। मंत्रालय में कल नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। वी.सी के माध्यम से भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, सागर तथा देवास के कलेक्टर, एस पी, और नगर निगम के आयुक्त भी सम्मिलित हुए।

इफ्फी - असमिया सिनेमा

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में कल संवाददाता सम्मेलन के दौरान असम की दो फ़िल्मों, भैमों दा और पत्रलेखा के बारे में जानकारी दी गई। निर्देशक ससांक समीर ने महान फ़िल्म निर्माता मुनिन बरुआ पर बनी पहली व्यावसायिक बायोपिक, भैमों दा का परिचय दिया।

ई-समाधान एप-विधार्थी

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राकेश सिंघई ने कल इंदौर में विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए ई-समाधान ऐप का शुभारंभ किया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज से 29 नवम्बर तक गुना जिले के भ्रमण पर रहेंगे।
- मंदसौर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संविधान दिवस पर गवर्मेन्ट गर्ल्स स्कूल बालागंज, में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

- लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने खरगोन जिले में निर्माणाधीन खरगोन बाईपास का औचक निरीक्षण किया एवं लापरवाही पाये जाने पर अधीक्षण यंत्री को निलंबित करते हुए उपयंत्री एवं सुपरविजन कंसल्टेंट के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिये।
- कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी की कुण्डीखेड़ा में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक रघुनाथ फौजदार को बिना किसी वैध डॉक्टरी डिग्री के मरीजों का उपचार करते हुए पकडे जाने पर निलंबित कर दिया।
- भोपाल में 19 से 21 दिसम्बर तक आयोजित आईएएस सर्विस मीट में मप्र कैडर के सभी आईएएस अधिकारी शामिल होंगे।

-------

————————